स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–2 के अन्तर्गत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन की प्रगति, जनपद–लखनऊ।

- जनपद में 01 प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र का निर्माण कराया गया है, जिससे जनपद के कुल 08 विकास खण्डों को लिंक किया गया है। प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र ग्राम पंचायत कठवारा विकास खण्ड बी0के0टी0 से 07 विकास खण्डों को प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट हेतु मैप किया गया है।
- जनपद में 01 प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र ग्राम पंचायत कठवारा विकास खण्ड बी0के0टी0 में निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है। जोकि संचालित है।
- जनपद मे निर्मित एक प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र में स्थायी विद्युत कनेक्शन है जोकि सुचारू रूप से संचालित है।
- 08 विकास खण्डों को प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट हेतु मैप किया गया है। जिसमें कुल 3500 किग्रा0 प्लास्टिक ग्राम पंचायत कठवारा विकास खण्ड बी0के0टी0 में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र पर भेजी गयी है।
- विकास खण्ड बी0के0टी0 की ग्राम पंचायत कठवारा में निर्मित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन यूनिट पर अब तक कुल 3500 किग्रा0 प्लास्टिक एकत्रित की गयी है, जिसमें से 1200 किग्रा0 प्लास्टिक प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना को 10 रू0 प्रति किलो की दर से बेची गयी है, जिसमें से 12000 रू0 की आय सृजित हुई है।
- इसके अतिरिक्त प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र से लोकल कबाड़ी वाले को कबाड़ बेचा गया है। इस प्रकार प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन यूनिट से कुल आय 51500 रू0 प्राप्त हुई है।